कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य/सी–1/स्थानांतरण/संस्कृत/2019–20 दिनांक 29.09.2019 के तहत् श्रीमती मनीषा गोयल, व्याख्याता संस्कृत राजकीय व्यापारिक उमावि नसीराबाद, अजमेर का स्थानांतरण राउमावि कनेछन खुर्द, शाहपुरा, भीलवाड़ा किया गया। श्रीमती मनीषा गोयल द्वारा स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 3666/2019 मनीषा गोयल बनाम सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 3666/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 13.11.2019 द्वारा अपीलार्थी श्रीमती मनीषा गोयल से नियमानुसार रिक्त पदो के तीन विकल्प पत्र लेकर उसके पदस्थापन के संबंध में नियमानुसार नवीन आदेश पारित करने और तब तक अपीलार्थी को वर्तमान पद से कार्यमुक्त एवं कार्यग्रहण करने पर बल नहीं देने एवं नवीन आदेश पारित करने पर उक्त आदेश उसमें बाधक नहीं होने के अंतरिम आदेश पारित किये।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्रीमती मनीषा गोयल द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर निवेदन कर स्वय के 05 सितंबर 2010 को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त व्याख्याता होने के आधार पर अपना पदस्थापन 1. राउमावि नसीराबाद, अजमेर 2. राउमावि भिनाय, अजमेर 3. राउमावि (अन्ध) आदर्श नगर, अजमेर करने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मददेनजर रखते हुए एवं माननीय अधिकारण के निर्णय की अनुपालना में श्रीमती मनीषा गोयल व्याख्याता संस्कृत राजकीय व्यापारिक उमावि नसीराबाद, अजमेर का समायोजन राउमावि भिनाय, अजमेर में व्याख्याता संस्कृत के रिक्त पद पर किया जाता है।

सभी पक्षकार सूचित होवें।

(नथमल डिडेल)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/माध्य/सी–1/संस्कृत/अपील सं. 3666/मनीषा गोयल/2019/ दिनांकः– 15.11.19

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा को मय आवश्यक संलग्नक आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य
9. श्री मदन कुमार मीणा व्याख्याता, संस्कृत।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर